RAJRAS

# राजस्थान समसामयिकी

## अगस्त 2021

© 2020 All Rights Reserved with RAJRAS Ventures LLP

This PDF eBook is only for personal reference. No part of this eBook (PDF) may be reproduced or transmitted by any form or by any means electronic or mechanical including printing, photocopying or recording or by any information storage and retrieval system or used in any manner without written permission from RajRAS Ventures LLP. RajRAS Ventures LLP may take legal action, file for criminal infringement & seek compensation for the loss.

**Disclaimer:** RajRAS Ventures LLP has obtained the information contained in this work from sources believed to be reliable. Care has been taken to publish information, as accurate as possible. RajRAS Ventures LLP nor its authors guarantee the accuracy or completeness of any information published herein, and neither RajRAS Ventures LLP nor its authors, affiliates, publishers or any other party associated with RajRAS Ventures LLP shall be liable or responsible for any errors, omissions or damages arising out of use of this information. RajRAS Ventures LLP and its authors are just making an attempt to provide information and not attempting to offer any professional services.

All disputes will be subject to Udaipur, Rajasthan Jurisdiction.

# INDEX

चर्चित व्यक्ति ........ 1

महत्वपूर्ण दिवस ........ 6

चर्चित स्थान ........ 8

पर्यावरण ........ 10

सरकारी योजनायें ........ 11

सामान्य करंट अफेयर्स ........ 15

सरकारी apps एवं पोर्टल ........ 22

# चर्चित व्यक्ति

## पुरस्कार

### राजस्थान के 9 पुलिसकर्मी 'गृहमंत्री अन्वेषण उत्कृष्टता पदक' 2021 से सम्मानित

राजस्थान में उदयपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक **श्री अनंत कुमार** सहित प्रदेश के 9 पुलिसकर्मियों को वर्ष 2021 के लिए 'अन्वेषण में उत्कृष्टता के लिए गृहमंत्री का पदक' प्रदान किया गया है। इस पदक की स्थापना वर्ष 2018 में की गई थी जिसका उद्देश्य अपराधों की जांच में उच्च प्रोफेशनल मानकों को प्रोत्साहित करना तथा उत्कृष्ट अन्वेषण करने वाले जांच अधिकारियों की मेहनत को पहचान देना है।

- अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री अनंत कुमार के साथ डिप्टी एसपी सुरेश शर्मा, इंस्पेक्टर अनिल डोरिया, इंस्पेक्टर दिनेश लखावत, इंस्पेक्टर दरज्या राम, इंस्पेक्टर अशोक आंजना,डीसीपी धर्मेंद्र सिंह, इंस्पेक्टर अरुण कुमार, हेड कांस्टेबल भवानी सिंह को भी गृहमंत्री अन्वेषण उत्कृष्टता पदक 2021 प्रदान किया गया।

### दीपक जोशी जय सिंह

शिक्षा मंत्रालय द्वारा घोषित किये गए टीचर्स अवार्ड में देशभर के 44 टीचर्स को चयनित किया गया है। पांच सितम्बर को टीचर्स डे पर उन्हें यह पुरस्कार प्रदान किया जायेगा। राजस्थान से 2 शिक्षकों को इसमें शामिल किया गया है।

- **दीपक जोशी** - बीकानेर के दीपक जोशी को कोरोना काल में प्रदेशभर में ऑनलाइन एज्यूकेशन की अलख जगाने के लिए यह अवार्ड मिल रहा है।
- **जय सिंह** - झुंझुनूं के फिजिकल टीचर जय सिंह को खेलों में उल्लेखनीय कार्य के लिए यह अवार्ड मिल रहा है। झुंझुनूं के जय सिंह को शामिल किया गया है।

### अवनि लाखेरा

टोक्यो में खेले जा रहे पैरा ओलंपिक खेलों में राजस्थान के खिलाड़ियों ने प्रदेश और देश को स्वर्णिम सफलता दिलाई। शूटिंग प्रतियोगिता में जयपुर निवासी अवनि लाखेरा ने गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने महिलाओं के 10 मीटर एयर राइफल के क्लास एसएच-1 के फाइनल में 249 पॉइंट्स स्कोर कर गोल्ड मेडल हासिल किया। अवनि वन विभाग में बतौर एसीएफ कार्यरत हैं। टोक्यो में जारी पैरा ओलंपिक खेलों की शूटिंग प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने वाली वे पहली भारतीय महिला एथलीट हैं।

### देवेंद्र झाझरिया

टोक्यो में खेले जा रहे पैरा ओलंपिक खेलों में भाला फेंक प्रतियोगिता में राजस्थान के चुरू जिले के देवेंद्र झाझरिया ने सिल्वर मेडल जीता। उन्होंने 64.35 मीटर भाला फेंक कर पदक अपने नाम किया है। उल्लेखनीय है कि झाझड़िया इससे पूर्व पैरा ओलंपिक में दो बार गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। झाझरिया वर्तमान में वन विभाग में एसीएफ के पद पर कार्यरत हैं।

### सुंदर सिंह गुर्जर

टोक्यो में खेले जा रहे पैरा ओलंपिक खेलों में भाला फेंक प्रतियोगिता में राजस्थान के करौली जिले के सुंदर सिंह गुर्जर ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। उन्होंने 64.1 मीटर भाला फेंक कर पदक अपने नाम किया है। सुंदर सिंह वर्तमान में वन विभाग में एसीएफ के पद पर कार्यरत हैं।

### अवनी लेखरा

टोक्यो में खेले जा रहे पैरा ओलंपिक की शूटिंग प्रतियोगिता में राजस्थान की निशानेबाज़ अवनी लेखरा ने 50 मीटर एयर राइफल मुकाबले में ब्रोंज मेडल जीता। इससे पूर्व उन्होंने 10 मीटर एयर राइफल के मुकाबले में गोल्ड मेडल जीता था। उल्लेखनीय है कि एक ही ओलंपिक में दो मेडल प्राप्त करने वाली अवनी पहली भारतीय महिला खिलाड़ी हैं।

# नियुक्तियां

## नीना सिंह

वर्ष 1989 बैच की आईपीएस अधिकारी नीना सिंह को राजस्थान पुलिस के इतिहास में पहली महिला DG होने का गौरव हासिल हुआ। वर्तमान में नीना सिंह अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक सिविल राइट के पद पर कार्यरत है। अब इसी पद पर बतौर डीजी रैंक काम करेंगी।

## श्री अरुण जोशी एवं श्री गोविंद पारीक

राज्य सरकार ने मंगलवार को आदेश जारी कर सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के 7 अधिकारियों को पदोन्नत किया है। विभाग में श्री अरुण कुमार जोशी तथा श्री गोविन्द नारायण पारीक को अतिरिक्त निदेशक के पद पर पदोन्नत किया गया है।

- **श्री अरुण कुमार जोशी** - मुख्यालय में समाचार शाखा के अतिरिक्त निदेशक
- **श्री गोविन्द नारायण पारीक** - पुलिस विभाग के अतिरिक्त निदेशक

श्री महेश शर्मा को संयुक्त निदेशक, श्री लोकेश शर्मा को उप निदेशक तथा श्रीमती कविता जोशी, श्री सौरभ सिंगारिया तथा श्री शरद केवलिया को सहायक निदेशक के पद पर पदोन्नत किया गया है।

## गोल्फर प्रखर असावा

गोल्फ के राष्ट्रीय खिलाड़ी श्री प्रखर असावा को राजस्थान सरकार की ओर से खेल कोटे के तहत वन विभाग में नियुक्ति प्रदान की गई है। मंगलवार को उन्होंने विभागीय मुख्यालय अरण्य भवन पहुंचकर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन-बल प्रमुख) डॉ.दीप नारायण पाण्डेय के समक्ष नियुक्ति ग्रहण की।

## अवनि लखेरा

टोक्यो पैरालिम्पिक में शूटिंग प्रतिस्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतने वाली अवनि लखेरा को महिला एवं बाल विकास विभाग ने "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" योजना की राज्य ब्रांड एम्बेसेडर मनोनीत किया है।

## अन्य

### जे.सी.महान्ति

42वें विश्व स्काउट सम्मेलन की शिखर बैठक में 25 से 29 अगस्त, 2021 तक श्री जे.सी.महान्ति ने भारत स्काउट व गाइड के इन्टरनेशनल कमिश्नर के रूप में भाग लिया। इस सम्मेलन में 172 देशों ने भाग लिया। 5 दिवसीय सम्मेलन के दौरान संगठन के कार्य को विश्व शन्ति एवं समृद्धि के लिए अधिक प्रभावी बनाने के विषय पर विस्तृत चर्चा हुई।

- सम्मेलन की थीम - ''ब्रिजिंग द वर्ल्ड''

### टोक्यो पैरालंपिक-2020 में राजस्थान से शामिल होने वाले खिलाडी

टोक्यो ओलंपिक-2020 के बाद 23 जुलाई से शुरू होने वाला टोक्यो पैरालंपिक-2020 में देश के 54 एथलीट में राजस्थान के 6 खिलाड़ी शामिल हैं। शामिल होने वाले खिलाडी है :

**देवेंद्र झाझडिया - जेवेलियन थ्रोअर**

चूरू के देवेंद्र झाझडिया जेवेलियन थ्रो खेल के खिलाडी है। देवेंद्र देश के लिए पैरालंपिक में दो बार(2004 में एथेंस में और 2016 में रियो डी जनेरियो में) गोल्ड मेडल जीत चुके हैं। वे अर्जुन अवॉर्डी और खेल रत्न पद्मश्री पुरस्कारों से भी नवाजे जा चुके हैं।

**सुंदर गुर्जर - जेवेलियन थ्रोअर**

करौली के सुंदर गुर्जर भाला फेंकने की प्रतियोगिता में अव्वल दर्जे के एथलीट हैं। सुंदर अर्जुन अवॉर्डी हैं।

**संदीप चौधरी - जेवेलियन थ्रोअर**

राजस्थान के झुंझुनू के एक और जेवेलियन थ्रोअर एथलीट संदीप चौधरी ने भी टोक्यो पैरालंपिक में शामिल हैं। संदीप दुबई में खेली गई वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप व एशियाई पैरा खेलों में गोल्ड मेडल जीत चुके हैं।

**कृष्णा नागर - बैडमिंटन**

जयपुर के कृष्णा नागर पैरा खेलों में बैडमिंटन में 22 साल की उम्र में क्वालीफाई कर चुके हैं। इस से पहले अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में कृष्णा पदक जीत चुके हैं।

**अवनी लेखरा - शूटर**

जयपुर की पैरा निशानेबाज अवनी लेखरा टोक्यो पैरालंपिक में शामिल हुई है। अवनी राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में कई मेडल जीत चुकी है।

**श्याम सुंदर - धनुर्धर**

तीरंदाजी के खेल में पैरालंपिक में राजस्थान से बीकानेर के म सुंदर ने क्वालीफाई किया हैं।

# महत्वपूर्ण दिवस

1 अगस्त - मुस्लिम महिला अधिकार दिवस

7 अगस्त - राष्ट्रीय हथकरघा दिवस

- 7 अगस्त,1905 को स्वदेशी आंदोलन की शुरुआत हुई थी। 2015 में भारत सरकार द्वारा इस आंदोलन की याद में प्रति वर्ष 7 अगस्त को इस दिवस को मनाने की घोषणा की गई।

9 अगस्त - विश्व आदिवासी दिवस

9 अगस्त - अगस्त क्रांति दिवस

- 9 अगस्त 1942 में महात्मा गांधी ने करो या मरो का नारा देकर आजादी के लिए निर्णायक आंदोलन की शुरुआत की थी।

10 अगस्त - जैव ईंधन दिवस

- **2021 का विषय** - टिकाऊ और ग्रामीण आय के लिए जैव ईंधन

10 अगस्त - विश्व सिंह दिवस

12 अगस्त - अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस

**थीम** - Transforming Food Systems: Youth Innovation for Human and Planetary Health

12 अगस्त - विश्व हाथी दिवस

15 अगस्त - स्वाधीनता दिवस

- 15 अगस्त 2021 को देश का 75वां स्वाधीनता दिवस मनाया गया।

संस्कृत दिवस - भारत में प्रतिवर्ष श्रावणी पूर्णिमा (रक्षा बन्धन) के पावन अवसर को संस्कृत दिवस के रूप में मनाया जाता है।

19 अगस्त - विश्व मानवतावादी दिवस

- **थीम** - The Human Race

20 अगस्त - विश्व मच्छर दिवस

- यह दिन सर रोनाल्ड रॉस की स्मृति में भी मनाया जाता है है जिन्होंने मादा मच्छरों और मलेरिया के बीच एक कड़ी की खोज की थी।
- **वर्ष 2021 थीम** - शून्य-मलेरिया लक्ष्य तक पहुंचना

21 अगस्त - आतंकवाद पीड़ितों के स्मरण और श्रद्धांजलि का अंतरराष्ट्रीय दिवस

21 अगस्त - विश्व वरिष्ठ नागरिक दिवस

26 अगस्त - विश्व महिला समानता दिवस

29 अगस्त - राष्ट्रीय खेल दिवस

- यह दिन 1928, 1932 और 1936 में भारत के लिए ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले हॉकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद सिंह के जन्मदिन का प्रतीक है।

30 अगस्त - राष्ट्रीय लघु उद्योग दिवस

# चर्चित स्थान

## पुष्कर एवं जैसलमेर

18 अगस्त 2021 को ऊर्जा मंत्री डॉ.बी.डी.कल्ला ने कहा कि पुष्कर एवं जैसलमेर शहर को सोलर सिटी के रूप में विकसित कर दोनों शहरों की विद्युत सम्बंधी समस्त आवश्यकताओं की पूर्ति अक्षय ऊर्जा के माध्यम से की जाएगी।

- भारत-सरकार के नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की सोलर सिटी योजना के क्रियान्वयन हेतु, **आरआरइसी केंद्र सरकार की नोडल एजेंसी के रूप में कार्य करेगी**, जो सम्बंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर इस योजना को मूर्तरूप प्रदान करेगी।
- शहरों में रूफटॉप सोलर सिस्टम, सोलर पार्क, अपशिष्ट पदार्थों सें विद्युत उत्पादन, सोलर स्ट्रीट लाइट्स की स्थापना, इलेक्ट्रिक वाहनों आदि का संचालन कर पंरपरागत तरीकां से प्राप्त विद्युत की निर्भरता को समाप्त करने का प्रयास किया जाएगा।

## घाटोल, बांसवाड़ा

जियोलोजिकल सर्वे ऑफ़ इण्डिया व माइंस व जियोलॉजी विभागीय के खनिज खोज कार्य की आरंभिक रिपोर्ट के अनुसार राज्य के बांसवाड़ा व राजसमंद में मैगनीज के विशाल भण्डार मिले हैं वहीं नागौर गंगानगर बेसिन के बीकानेर हनुमानगढ़ जिले के सतीपुरा, जैतपुरा, भारुसरी और लखासर में 2400 मिलियन टन पोटाश के भण्डार संभावित है। पोटाश क्षेत्रा में एमईसीएल से त्रिपक्षीय एमओयू कर व्यावहार्यता अध्ययन कराया जा रहा है वहीं इस बेल्ट में पोटाश की खोज कार्य जारी है।

- बांसवाड़ा जिले में घाटोल क्षेत्रा में कालाखूंटा, तामेसरा और रुपाखेडी सहित करीब 24 वर्ग किलामीटर बेल्ट में मैगनीज के विशाल भण्डार खोजे गए हैं। मैगनीज का उपयोग मिश्र धातु के रुप में स्टील, ग्लास, टैक्सटाइल, फर्टिलाइजर, पशुआहार, केमिकल उद्योग, बैटरी सहित अनेक उद्योगों में होता है।
- इसके अलावा राजसमंद में भी मैगनीज के भण्डार उपलब्ध है।
- बीकानेर के छोटी व बड़ी नाल में करीब 500 हैक्टेयर एरिया में बॉल क्ले और सिलिकोन उपलब्ध है।

## जय मीनेष आदिवासी विश्वविद्यालय, कोटा

राजस्थान का अखिल भारतीय श्री मीना सामाजिक एवं शैक्षणिक समिति, नाम का संगठन राजस्थान में नया आदिवासी विश्वविद्यालय बनाने जा रहा है। यह विश्वविद्यालय राजस्थान के कोटा के रानपुर में बनेगा। इस आदिवासी विश्वविद्यालय का नाम 'जय मीनेष आदिवासी विश्वविद्यालय' होगा। 8 अगस्त 2021 को राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इसका इसका शिलान्यास किया।

- 8 अगस्त 2021 को आदिवासी मीना बालिका छात्रावास, प्रतापनगर, जयपुर का भी लोकार्पण किया।

## बायतु, बाड़मेर

हरियालो बायतु अभियान के तहत 27 अगस्त 2021 को बाड़मेर जिले के बायतु विधानसभा क्षेत्र में विशाल पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र बायतु में एक घंटे के अंतराल में डेढ़ लाख पोधे लगाए जाने का लक्ष्य रखा गया।

## हेलिकॉप्टर जॉयराईड का शुभारंभ, नाथद्वारा

28 अगस्त 2021 को राजसमन्द जिले के नाथद्वारा में शिव मूर्ति के पार्किंग स्थल पर हेलिकॉप्टर जॉयराईड का उद्घाटन किया गया। इस प्रयास से राजसमन्द में पर्यटन विकास को नई उंचाईयां प्रदान की जाएगी। और सरकार, प्रशासन व जनप्रतिनिधियों के समन्वित प्रयासों से क्षेत्र में देशी-विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के हर संभव प्रयास किए जाएंगे।नाथद्वारा आने वाले पर्यटकों को उदयपुर-नाथद्वारा-कुम्भलगढ़ के नैसर्गिक सौन्दर्य को हेलिकॉप्टर के माध्यम से निहारने का मौका मिलेगा।

# पर्यावरण

## राजस्थान फॉरेस्ट्री एंड बायो डायवर्सिटी डेवलपमेंट प्रोजेक्ट

**फ्रांस और वन विभाग द्वारा मिलकर राजस्थान फॉरेस्ट्री एंड बायो डायवर्सिटी डेवलपमेंट प्रोजेक्ट शुरू किया जाना है।** राज्य सरकार से अनुमोदन मिलने के बाद इस प्रोजेक्ट को पिछले वर्ष भारत सरकार को भिजवाया गया था। इस परियोजना के माध्यम से पर्यावरण, वन तथा वन्य जीव संरक्षण के कार्य किए जाएंगे।

## कुंभलगढ़ टाइगर रिजर्व घोषित करने की संभावनायें

उदयपुर संभाग के कुंभलगढ़ वन्यजीव अभयारण्य को टाइगर रिजर्व घोषित करने की संभावनाओं को तलाशने के लिए नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी (एनएटीसीए) की एक्सपर्ट कमेटी गठित की गई है। जो की कुंभलगढ़ में नये टाइगर रिजर्व बनाये जाने के लिए अनुकूल माहौल और आवश्यक व्यवस्थाओं सहित अन्य मुद्दों पर विचार विमर्श कर रही है। अगर ऐसा हुआ तो यह प्रदेश का पांचवां टाइगर रिजर्व होगा।

# सरकारी योजनायें

## इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना लागू

अगस्त 2021 में राज्य सरकार द्वारा शहरी क्षेत्र के स्ट्रीट वेन्डर तथा सर्विस सेक्टर के युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए इंदिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना 2021 लागू की गई है। मुख्यमंत्री की बजट घोषणा के अन्तगत यह योजना प्रारंभ की गई है।

उल्लेखनीय है कि ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए मनरेगा जैसी योजनाएं संचालित हैं, लेकिन शहरी क्षेत्र में ऎसी कोई व्यापक योजना उपलब्ध नहीं थी। मुख्यमंत्री श्री गहलोत ने वैश्विक महामारी कोविड-19 के दृष्टिगत शहरी क्षेत्रों में रोजगार, स्वरोजगार तथा रोजमर्रा की जरूरतों के लिए वित्तीय संसाधन उपलब्ध करवाने हेतु संवेदनशील निर्णय लेते हुए इस वर्ष के बजट में 'इन्दिरा गांधी शहरी क्रेडिट कार्ड योजना' लागू करने की घोषणा की थी।

**योजना से जुड़े मुख्य बिंदु:**

- योजना का लक्ष्य स्ट्रीट वेण्डर्स, हेयर ड्रेसर, रिक्शा वाला, खाती, कुम्हार, मोची, मिस्त्री, दर्जी, धोबी, रंगाई-पुताई वाले, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर सहित असंगठित क्षेत्र के अन्य लोगों एवं बेरोजगार युवाओं को रोजगार के जोड़ने के लिए आर्थिक रूप से संबल प्रदान करना है।
- इसके तहत लाभार्थी को बिना किसी गारंटी के 50 हजार रूपए तक का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।
- योजना का लाभ नगरपालिका, नगर परिषद एवं नगर निगम की सीमा में रह रहे 5 लाख लाभार्थियों को प्रदान किया जाएगा।
- योजना का क्रियान्वयन स्वायत्त शासन विभाग के माध्यम से किया जाएगा।
- शहरी क्षेत्र के अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लाभार्थियों के लिए अनुसूचित जाति निगम द्वारा योजना का क्रियान्वयन किया जाएगा।
- योजना एक वर्ष के लिए लागू रहेगी और 31 मार्च, 2022 तक नए ऋण स्वीकृत किए जा सकेंगे।
- ऋण के मोरेटोरियम की अवधि 3 माह तथा ऋण पुनर्भुगतान की अवधि 12 माह होगी।
- योजना के प्रभावी क्रियान्वयन एवं समीक्षा के लिए जिला कलेक्टर नोडल अधिकारी होंगे।

## कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना

प्रदेश में बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना के तहत वर्ष 2020-21 में कुल 10,050 स्कूटी वितरण का लक्ष्य रखा गया, जिस पर लगभग 60 करोड़ रूपए खर्च होंगे। सभी लाभार्थियों को स्कूटी के साथ ही छात्रा के नाम रजिस्ट्रेशन, पांच वर्ष का बीमा, दो लीटर पेट्रोल और हेलमेट भी दिया जा रहा है।

### कालीबाई भील

आदिवासी अंचल में शिक्षा की अलख जगाने के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाली वीर बालिका कालीबाई भील नौजवानों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। आदिवासी बालिका और उनके गुरूजी नानाभाई भील ने उस दौर में शिक्षा के महत्व को समझा, जब अंग्रेजों के शासन में हर व्यक्ति को पढ़ने की इजाजत नहीं थी। गुरूजी नानाभाई तथा कालीबाई ने अपनी पाठशाला को बंद करने के सरकारी आदेश को मानने से इंकार किया और अंग्रेजाें के दमन के खिलाफ संघर्ष में अपने जीवन का बलिदान कर दिया।

## मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना में संशोधन

प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति देने के, रोजगार के अवसर बढ़ाने तथा स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने मुख्यमंत्री लघु उद्योग प्रोत्साहन योजना में संशोधन के प्रस्तावों का अनुमोदन किया है। योजना को संशोधित कर उद्यमियों के लिए अधिक सुगम और लाभकारी बनाया जाएगा।

- अनुमोदित प्रस्ताव के अनुसार,योजना के अंतर्गत ऋण एवं ब्याज अनुदान के लिए भारत सरकार द्वारा परिभाषित सूक्ष्म एवं लघु उद्यम ही पात्र होंगे। साथ ही, ब्याज अनुदान के लिए आवेदन प्रक्रिया को कई स्तर पर सरलीकृत किया जाएगा।
- ऋण देने वाले वित्तीय संस्थान द्वारा अपनी योजनाओं के तहत वितरित ऋण के प्रकरण में ब्याज अनुदान के लिए आवेदन जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति को भेजने की अनिवार्यता नहीं होगी। ऐसे प्रकरणों को जिला नोडल अधिकारी के स्तर पर ही अनुदान के लिए पात्रता स्वीकार कर निस्तारित कर दिया जाएगा।
- राजस्थान अरबन को-ऑपरेटिव बैंक भी विभिन्न शाखाओं के माध्यम से इस योजना के अंतर्गत वित्तीय संस्थान के रूप में ऋण उपलब्ध करा सकेगा।

- हस्तशिल्पी, दस्तकार अथवा शिल्पी कार्ड धारकों को 3 लाख रूपए तक के ऋण पर ब्याज राशि का शत-प्रतिशत पुनर्भरण अनुदान के रूप में देय होगा। बुनकर कार्ड धारक बुनकरों के लिए 1 लाख रूपए तक के ऋण पर ब्याज राशि के 100 प्रतिशत पुनर्भरण की वर्तमान में प्रचलित सुविधा जारी रहेगी।

## सामाजिक सुरक्षा निवेश प्रोत्साहन योजना 2021

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के शासन सचिव, डॉ.समित शर्मा की अध्यक्षता में 27 अगस्त 2021 को शासन सचिवालय में सामाजिक सुरक्षा निवेश प्रोत्साहन योजना 2021 के क्रियान्वयन के लिए राज्य स्तरीय अधिकार प्रदत्त समिति की बैठक आयोजित की गई। जिनके अनुसार

सामाजिक सुरक्षा निवेश प्रोत्साहन योजनान्तर्गत **अलाभकारी संस्थाओं (एन.जी.ओ)** को वंचित वर्ग यथा महिला, दिव्यांगजन, बालक, बालिका, वरिष्ठ नागरिक, भिखारी, निर्धन व्यक्ति, बेघर, ट्रांसजेंडर, नशे में संलिप्त व्यक्ति एवं एच.आई.वी. (एड्स) आदि के लिए संस्थागत देखरेख, डे-केयर, व्यवसायिक शिक्षा-प्रशिक्षण, ग्रुप फोस्टर केयर फैसिलिटी, ऑपन शेल्टर, चाईल्ड हेल्पलाईन, नशा मुक्ति केन्द्र संचालन एवं पुनर्वास केन्द्र आदि उपलब्ध कराने के लिए निम्न प्रकार सुविधाए, रियायत एवं छूट प्रदान की जायेगी:

- भू-उपयोग परिवर्तन शुल्क में - 100 प्रतिशत छूट
- आवंटित भूमि पर लीज में - 100 प्रतिशत छूट
- नियमन शुल्क में - 100 प्रतिशत छूट
- भवन निर्माण अनुज्ञा शुल्क में - 100 प्रतिशत छूट
- स्टाम्प ड्यूटी में - 100 प्रतिशत छूट
- प्राईवेट व्यक्ति अथवा संस्था द्वारा अचल सम्पत्ति का दान करने पर स्टाम्प ड्यूटी एवं पंजीयन शुल्क में छूट, गैर उपभोज्य वस्तुओं, उपकरण एवं पूंजीगत साम्रगी के क्रय पर स्टेट गुड्स एण्ड सर्विस टेक्स का - 100 प्रतिशत छूट
- ब्याज अनुदान का 6 प्रतिशत की सीमा तक तथा तीन वर्ष हेतु पुनर्भरण
- संस्था के नाम पंजीकृत वाहन पर मोटर व्हीकल टेक्स में - 100 प्रतिशत छूट

- बैठक में जिला पर्यावरण सुधार समिति, झुन्झुनु, नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर एवं जोधपुर बधिर कल्याण समिति, जोधपुर को योजनान्तर्गत लाभ उपलब्ध कराने के लिए एनटाइटलमेंट सॉटफिकेट जारी करने का निर्णय लिया गया है।

- सामाजिक सुरक्षा निवेश प्रोत्साहन योजना का समस्त कार्य ऑनलाइन होगा। इसके लिए संबंधित अलाभकारी संस्थाओं (एन.जी.ओ) द्वारा विभागीय वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है, जिसके पश्चात विभाग द्वारा परीक्षण कर विभागीय बैठक में निर्णय लेकर ऑनलाइन ही एनटाइटलमेंट सॉटफिकेट जारी किया जाएगा।

# सामान्य करंट अफेयर्स

## राजस्थान की कला, शिल्प, संस्कृति पर आधारित डाक विभाग के आठ विशेष डाक आवरण जारी

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने 18 अगस्त 2021 को राजस्थान की कला-संस्कृति पर डाक विभाग द्वारा तैयार आठ विशेष आवरण जारी किए।

ये आवरण राजस्थान के विभिन्न क्षेत्रों के भौगोलिक संकेतकों पर आधारित हैं। इनमे

- मोलेला क्ले वर्क व पोकरण पॉटरी
- कोटा डोरिया
- प्रतापगढ़ थेवा आभूषण कलाकारी
- सांगानेरी और बगरू हैण्ड ब्लॉक प्रिण्ट
- बीकानेरी भुजिया
- मकराना मार्बल
- जयपुर की ब्लू पॉटरी तथा
- राजस्थान की कठपुतलियों को दर्शाया गया है।

## प्रदेश में दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम लागू

13 अगस्त 2021 को राज्य सरकार ने परिपत्र जारी कर राज्य में विशेष योग्यजनों को समाज में समान अवसर प्रदान करने हेतु दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 को लागू किया है।

- दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम-2016 के तहत प्रावधान
- राज्य सरकार द्वारा दिव्यांगजन व्यक्तियों को समानता के अवसर प्रदान करना
- उपयुक्त वातावरण प्रदान कर दिव्यांगजन व्यक्तियों की क्षमता का उपयोग करना
- दिव्यांगजन व्यक्ति के साथ दिव्यांगजन के आधार पर भेदभाव नहीं किया जाए। इसी प्रकार दिव्यांगजन के आधार पर उनकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता से वंचित नहीं किया जाए।
- राज्य सरकार द्वारा दिव्यांगजन व्यक्तियों को उचित आवास उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने, राज्य सरकार द्वारा दिव्यांगजन व्यक्तियों को यातना, अमानवीय, अपमानजनक व्यवहार से बचाने के लिए उपाय एवं प्रावधान किये गये हैं।

- दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम के प्रावधानों के अनुरुप समस्त विभाग, निगम, बोर्ड एवं आयोग इसकी पालना सुनिश्चित करेंगे। यदि विभाग, निगम, बोर्ड एवं आयोग द्वारा अधिनियम की पालना नहीं की जाती है तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही किये जाने का प्रावधान है।

## स्वाधीनता संग्राम के पुरोधाओं के मोनोग्राफ के डिजिटल संस्करण का लोकार्पण

9 अगस्त 2021 को अगस्त क्रांति दिवस के मौके पर राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी द्वारा स्वाधीनता संग्राम के पुरोधाओं के मोनोग्राफ के डिजिटल संस्करण का लोकार्पण एवं ई-लाइब्रेरी वेब एप्लीकेशन का शुभारंभ किया गया।

## राजस्थान को मिला वन धन योजना में उभरते राज्य का प्रथम पुरस्कार

भारतीय जनजाति सहकारी विपणन विकास संघ लिमिटेड (ट्राईफेड) के 34वें स्थापना दिवस पर 6 अगस्त 2021 को नई दिल्ली में केन्द्रीय जनजाति मंत्री श्री अर्जुन मुण्डा द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर 28 राज्यों तथा 5 केन्द्र शासित प्रदेशों में ट्राईफेड द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया।
इस अवसर पर जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग के प्रमुख शासन सचिव, श्री शिखर अग्रवाल तथा जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग की आयुक्त प्रज्ञा केवलरमानी के कुशल नेतृत्व एवं उल्लेखनीय योगदान के फलस्वरूप राजस्थान को वन धन योजनान्तर्गत उभरते हुए राज्य का प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है।

- यह पुरस्कार राजस्थान द्वारा वन धन योजना के द्वितीय चरण में एक साथ 290 वन धन विकास केन्द्र गठित किये जाने के लिए दिया गया।
- राजस्थान को वन धन योजना में ही अधिकतम 104 उत्पाद तैयार कर विपणन किये जाने के लिए देश में तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।
- राष्ट्रीय स्तर पर राजस्थान के 6 जनजाति स्वंय सहायता समूहों को ट्राईबल टैक्सटाईल, मेटल क्राफ्ट, ट्राईबल पेंटिंग, टेराकोटा तथा स्टोन पोट्री एवं उपहार सामग्री तैयार किये जाने के लिए विभिन्न स्तरों पर पुरस्कृत किया गया।
- इसी क्रम में ट्राईफेड द्वारा राज्य स्तर पर 7 वन धन विकास केन्द्रों को 5 विभिन्न श्रेणियों में 15 पुरस्कार प्रदान किये गये।

## राजस्थान पर्यटन को 'मेला और महोत्सव' श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ पर्यटन पुरस्कार

21 अगस्त 2021 को नई दिल्ली में आईसीएम ग्रुप द्वारा आयोजित सातवें आईटीसीटीए बी2बी अंतरराष्ट्रीय पर्यटन एक्सपो कॉन्कलेव सम्मान समारोह में राजस्थान को पर्यटन की दृष्टि से 'मेला और महोत्सव' आयोजन की श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ पर्यटन सम्मान से नवाजा गया।

- सम्मान समारोह में यह पुरस्कार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश पर्यटन के प्रमुख शासन सचिव श्री शिओ शेखर शुक्ला से राजस्थान पर्यटन विभाग के दिल्ली पर्यटक सूचना केंद्र की सहायक निदेशक सुश्री सुमिता मीना और श्री छत्तरपाल यादव ने ग्रहण किया।

## उद्योग विभाग का नाम बदलकर किया उद्योग एवं वाणिज्य विभाग

राज्य सरकार ने आदेश जारी कर उद्योग विभाग का नाम बदलकर **उद्योग एवं वाणिज्य विभाग** कर दिया है। विभाग का नाम बदलने के साथ ही इसके विभिन्न कार्यालयों और शासन सचिव एवं आयुक्त सहित अन्य अधिकारियों के पदनाम भी परिवर्तित हो जाएंगे। विभाग का नाम बदलने से विभाग के कार्यों का दायरा बढ़ेगा अब विभाग उद्योग के साथ ही वाणिज्य क्षेत्र से जुड़ी गतिविधियों के लिए भी योजनाएं बना सकेगा।

- कार्यालय आयुक्त उद्योग एवं कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व का नाम बदलकर कार्यालय आयुक्त उद्योग एवं वाणिज्य एवं कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व हो गया है।
- जिला उद्योग केंद्रों के स्थान पर जिला उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र हो गया है।
-

## प्रशासन शहरों के संग अभियान, 2021

स्वायत शासन, नगरीय विकास एवं आवासन विभाग तथा विधि एवं संसदीय कार्य विभाग मंत्री श्री शांति धारीवाल ने 26 अगस्त 2021 को प्रताप ऑडिटोरियम अलवर में प्रशासन शहरों के संग अभियान-2021 के तहत जयपुर संभाग के नगरीय निकायों की कार्यशाला का द्वीप प्रज्ज्वलन कर शुभारम्भ किया। 'प्रशासन शहरों के संग' अभियान गांधी जयन्ती के अवसर पर 2 अक्टूबर से प्रारम्भ किया जा रहा है। इस अभियान में नवाचारों के साथ विभिन्न एक्ट व नए प्रावधानों का समावेश कर आमजन को राहत प्रदान करते हुए आंथिक विकास को बढ़ावा दिया जाएगा।

- अभियान में नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 69-ए जोडी गई है जो कि एक तरह से जादुई धारा है जिससे अधिक से अधिक लोगों को भूमि पर बने आवासों के शहरी क्षेत्र में पट्टे जारी करने के अधिकार दिये गये हैं।

- वर्ष 2012-13 में 'प्रशासन शहरों के संग' अभियान में पांच लाख पट्टे बांटे गए और हजारों लोगा की समस्याएं सुलझाई गई। इस बार 10 लाख पट्टे जारी करने का लक्ष्य रखा गया है

## टोक्यो पैरालिम्पिक खेलों में प्रदेश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों के लिए मुख्यमंत्री ने की घोषणा-

मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने पैरालिम्पिक खेलों में पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके लिए ईनामी राशि की घोषणा की है।

- स्वर्ण पदक विजेता शूटर सुश्री अवनी लेखरा को 3 करोड़ रूपए
- रजत पदक विजेता जेवलिन थ्रोअर श्री देवेन्द्र झांझडिया को दो करोड़ रूपए
- कांस्य पदक विजेता जेवलिन थ्रोअर श्री सुन्दर गुर्जर को एक करोड़ रूपए ईनामी राशि के रूप में देने की घोषणा की है।
- टोक्यो पैरालिम्पिक खेलों में मेडल जीतने वाले तीनों खिलाड़ी सुश्री अवनी लेखरा, श्री देवेन्द्र झांझड़िया तथा श्री सुन्दर गुर्जर को राज्य सरकार ने आउट ऑफ टर्न आधार पर वन विभाग में सहायक वन संरक्षक के रूप में नियुक्ति प्रदान की है।

- उल्लेखनीय है कि प्रदेश में खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के लिए मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने ओलंपिक खेलों में स्वर्ण, रजत तथा कांस्य पदक जीतने पर दी जाने वाली ईनामी राशि 75 लाख, 50 लाख तथा 30 लाख रूपए को वर्ष 2020-21 के बजट में बढ़ाकर क्रमशः 3 करोड़ रूपए, 2 करोड़ रूपए तथा 1 करोड़ रूपए करने की घोषणा की थी।
- एशियाई एवं राष्ट्रमण्डल खेलों में स्वर्ण, रजत तथा कांस्य पदक जीतने पर दी जाने वाली 30 लाख, 20 लाख एवं 10 लाख रूपए की ईनामी राशि को बढ़ाकर क्रमशः 1 करोड़ रूपए, 60 लाख रूपए एवं 30 लाख रूपए करने की भी उन्होंने बजट में घोषणा की थी।

## हेपाटो पैंक्रियाटो बिलरी सर्जरी विभाग की स्थापना की घोषणा

जयपुर में अब यकृत, अग्नाशय तथा पित्त की थैली की सर्जरी की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। राज्य सरकार ने संवेदनशील निर्णय करते हुए जयपुर स्थित एसएमएस मेडिकल कॉलेज में हेपाटो पैंक्रियाटो बिलरी सर्जरी विभाग

की स्थापना के लिए प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के बजट में इसकी घोषणा की थी।

## राजस्थान इनोवेशन विजन (राजीव-2021 कार्यक्रम)

मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने 20 अगस्त 2021 को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी के 77वें जन्मदिवस के अवसर पर वर्चुअल माध्यम से आयोजित राजस्थान इनोवेशन विजन (राजीव-2021) कार्यक्रम को संबोधित किया।

- **कार्यक्रम की थीम** - 'सूचना तकनीक से सुशासन'
- इस कार्यक्रम में उन्होंने राज किसान साथी पोर्टल, आई-स्टार्ट वर्चुअल इन्क्यूबेशन प्रोग्राम और राजीव गांधी आईटी क्विजथॉन का भी शुभारंभ किया।
- कार्यक्रम में राजीव/75 फंड के तहत 21 चयनित स्टार्ट-अप्स को 2 करोड़ रूपए के फंड का वितरण किया गया।
- राजीव गांधी के नाम पर अवॉर्ड, स्कॉलरशिप और संस्थान की घोषणाएं की:

### राजीव गांधी स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के 200 मेधावी विद्यार्थियों को देश-विदेश के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में अध्ययन के लिए 'राजीव गांधी स्कॉलरशिप फॉर एकेडमिक एक्सीलेंस' की घोषणा की। इस योजना पर प्रतिवर्ष करीब 100 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसमें विद्यार्थी के अध्ययन का पूरा खर्च राज्य सरकार वहन करेगी।

### राजीव गांधी के नाम पर फिनटेक यूनिवर्सिटी

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ने कहा कि तकनीकी शिक्षा को अधिक रोजगारोन्मुखी बनाने के लिए जोधपुर में करीब 400 करोड़ रुपए की लागत से फिनटेक यूनिवर्सिटी की स्थापना की जा रही है।

### राजीव गांधी सेंटर ऑफ एडवांस टेक्नोलॉजी

जयपुर में करीब 200 करोड़ रुपए की लागत से राजीव गांधी सेंटर ऑफ एडवांस टेक्नोलॉजी की स्थापना भी की जा रही है। इसके माध्यम से युवाओं को सूचना तकनीक के नवीनतम पाठ्यक्रमों का अध्ययन करने का अवसर मिलेगा।

## राजीव गांधी इनोवेशन अवॉर्ड

स्टार्ट-अप के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले युवाओं को 'राजीव गांधी इनोवेशन अवॉर्ड' के तहत 2 करोड़ रुपए प्रथम पुरस्कार, एक करोड़ रुपए द्वितीय पुरस्कार और 50 लाख रुपए तृतीय पुरस्कार के रूप में मिलेंगे।

## राजस्थान विधानसभा में विभिन्न समितियों का गठन

राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष डॉ.सी.पी.जोशी ने राजस्थान विधानसभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन संबंधी नियमो के अंतर्गत वर्ष 2021-22 के लिये विधानसभा की 4 वित्तीय एवं 15 अन्य समितियों का गठन किया है। जो निम्न है:-

| क्र. सं. | समिति | अध्यक्ष |
|---|---|---|
| 1. | जनलेखा समिति | श्री गुलाब चंद कटारिया |
| 2. | प्राक्कलन समिति "क" | श्री राजेन्द्र पारीक |
| 3. | प्राक्कलन समिति "ख" | श्री दयाराम परमार |
| 4. | राजकीय उपक्रम समित | श्री हेमाराम चौधरी |
| 5. | नियम समित | डॉ. सी.पी. जोशी |
| 6. | सदाचार समित | श्री दीपेन्द्र सिंह |
| 7. | स्थानीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं संबंधी समित | डॉ. राजकुमार शर्मा |
| 8. | विशेषाधिकार समिति | श्रीमती शकुंतला रावत |
| 9. | अधीनस्थ विधान सम्बन्धी समिति | श्री नरेंद्र बुड़ानिया |

| | | |
|---|---|---|
| 10. | याचिका समित | श्री अर्जुन लाल जीनगर |
| 11. | सरकारी आश्वासनों संबंधी समित | श्री भंवरलाल शर्मा |
| 12. | प्रश्न एवं संदर्भ समित | श्री ब्रजेन्द्र सिंह ओला |
| 13. | पर्यावरण संबंधी समित | श्रीमती मंजु देवी |
| 14. | पुस्तकालय समित | श्री रामनारायण मीना |
| 15. | महिलाओं एवं बालकों के कल्याण संबंधी समित | श्रीमती अनिता भदेल |
| 16. | पिछड़े वर्ग के कल्याण संबंधी समित | श्री जितेंद्र सिंह |
| 17. | अनुसूचित जनजाति कल्याण समित | श्री महेन्द्रजीत सिंह मालविया |
| 18. | अल्पसंख्यकों के कल्याण संबंधी समित | श्री अमीन खाँ |
| 19. | अनुसूचित जाति कल्याण समित | श्री अशोक |

# सरकारी apps एवं पोर्टल

## बॉयोफ्यूल आउटलेट आवेदन हेतु ऑनलाईन पोर्टल का शुभारम्भ

शासन सचिव ग्रामीण विकास विभाग डॉ.के.के.पाठक ने 10 अगस्त को विश्व जैव ईंधन दिवस के अवसर पर अपने कार्यालय में बॉयोफ्यूल स्टेकहोल्डर्स हेतु ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन पोर्टल का शुभारम्भ किया।

- इस ऑनलाईन पोर्टल के शुरू हो जाने से बॉयोफ्यूल उत्पादक, आपूर्तिकर्ता व रिटेल आउटलेट आवेदन हेतु आमजन के लिये पंजीयन प्रक्रिया सरल, सुलभ, पारदर्शी हो सकेगी एवं पंजीयन कार्य निश्चित समयावधि में पूर्ण हो सकेगा।
- पंजीयन प्रक्रिया ऑनलाईन होने से आउटलेट आवेदन हेतु अब आवेदकों को जयपुर नहीं आना पड़ेगा इससे उनके समय व धन की बचत होगी ।
- प्राधिकरण की वेबसाईट www.biofuel.rajasthan.gov.in पर जाकर राज्य के किसी कोने से कोई व्यक्ति ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन पर क्लिक कर पंजीयन की प्रक्रिया पूर्ण कर सकता है ।

## 'राज किसान साथी' पोर्टल

राज्य सरकार द्वारा किसान कल्याण की दिशा में किसानों की आजीविका एवं जीवन को सुगम बनाने के लिए लगातार नवाचारों को भी प्रोत्साहन दिया जा रहा है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत ने 20 अगस्त 2021 को पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी की जयंती पर "राज किसान साथी पोर्टल" का लोकार्पण किया। यह किसानों को डिजिटल तकनीक से जोड़कर उन्नत कृषि और कृषि विपणन की ओर आगे बढ़ाने में अहम होगा।

किसानों के लिए 'इज ऑफ डूईंग फामिरंग' के रूप में यह सुविधा दी जाएगी। किसानों के लिए चलाई जा रही सभी योजनाओं की जानकारी और उनका लाभ लेने के लिए आवेदन की सुविधा इसी पोर्टल पर उपलब्ध कराई गई है। आवेदन प्रकिया को इसमें सरल, सुगम और पेपरलैस बनाया गया है। इससे आवेदनों के निस्तारण में गति आयेगी और पारदर्शिता भी बढ़ेगी।

## पोर्टल का विकास

यह पोर्टल सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग तथा राजकॉम्प इन्फो सिस्टम लिमिटेड के माध्यम से विकसित करवाया जा रहा है। यह कार्य चरणबद्ध रूप में पूर्ण किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के तहत कृषि एवं सम्बंधित विभागों के कुल 144 मॉड्यूल्स विकसित किये जाएंगे, जिनमें से वर्ष 2020-21 में 46 मॉड्यूल्स तैयार किये जा चुके हैं तथा 2021-22 में 50 मॉड्यूल्स बनाये जा रहे हैं।

## पोर्टल की मुख्य विशेषताएं

**आवेदन प्रक्रिया को किया सरल**

राज किसान साथी पोर्टल पर आवेदक ई-मित्र के अलावा स्वयं के स्तर पर जनाधार या एसएसओ आईडी के जरिए आवेदन कर सकता है। आवेदन प्रक्रिया को एकदम सरल कर दिया गया है।

**जनाधार नम्बर डालते ही सारा विवरण स्वतः आ जाएगा**

राज किसान साथी पोर्टल पर जनाधार नम्बर डालते ही किसान का फोटो, पता, बैंक खाता आदि का विवरण अपने आप आ जाता है। साथ ही, किसान की जमाबंदी और नक्शा राजस्व विभाग के ई-धरती पोर्टल से आवेदन में आ जाएगा। आवेदक को केवल जमीन की खाता और खसरा संख्या भरनी होगी। अब किसी तरह की पत्रावली कार्यालय में जमा नहीं करवानी होगी। ऑनलाइन आवेदन करते ही विभाग के कार्यालय में पहुंच जाएगा और किसान के मोबाइल पर संदेश आ जाएगा।

**आवेदन से भुगतान तक की पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन**

कार्यालय में आवेदन की जांच भी ऑनलाइन होगी। मौके पर भौतिक सत्यापन भी मोबाइल एप के जरिये ऑनलाइन होगा, जिसमें आवेदक किसानों के फोटो के साथ समय, तारीख और स्थान आएगा। कार्यालय में प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति भी ऑनलाइन जारी होगी और लाभार्थी के जनाधार से जुड़े बैंक खाते में अनुदान सहायता का भुगतान कर दिया जाएगा। यानि आवेदन से लेकर भुगतान तक की सम्पूर्ण प्रक्रिया ऑनलाइन होगी।

**बीज, खाद और कीटनाशी के लाइसेन्स भी ऑनलाइन**

कृषि प्रसंस्करण और निर्यात को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही पूंजी निवेश और भाड़ा अनुदान योजना के ऑनलाइन आवेदन की सुविधा भी इसी पोर्टल पर दी गई है। बीज, खाद और कीटनाशी के निर्माता और

विक्रेताओं को लाइसेन्स भी ऑनलाइन जारी किए जा रहे हैं। स्प्रिंक्लर, ड्रिप, पाइपलाइन निर्माताओं एवं बीटी कपास के विक्रेताओं का पंजीयन भी ऑनलाइन किया जा रहा है।

**प्रक्रिया के प्रत्येक चरण पर आएगा मोबाइल संदेश**

आवेदक किसान एवं व्यापारियों को एक और सुविधा है कि प्रक्रिया के प्रत्येक चरण की जानकारी उनके मोबाइल पर संदेश के माध्यम से भेजी जाती है। आवदेक को कार्यालय में संपर्क करने की आवश्यकता नहीं है। वह अपने आवेदन की स्थिति की जांच ऑनलाइन भी कर सकते हैं।

**आठ मोबाइल एप भी बनाए**

राज किसान साथी पोर्टल पर किसानों, व्यापारियों और कार्मिकों के लिए 8 मोबाइल एप भी बनाए गए हैं। किसानों के लिए चलाई जा रही योजनाओं और अनुदान के बारे में जानकारी के लिए राज किसान सुविधा एप तैयार किया गया है। जैविक उपज तथा खजूर के पौधों की बिक्री के लिए खरीददार और विक्रेता के पंजीयन के लिए राज किसान क्रेता-विक्रेता मोबाइल एप बनाया गया है। टिड्डी मॉनिटरिंग और नियंत्रण की जानकारी के लिए राज किसान लोकस्ट एप बनाया गया है।

भविष्य में कृषि, उद्यान, विपणन आदि सम्बद्ध विभागों की समस्त प्रक्रियाओं को ऑनलाइन किया जाएगा और किसानों के लिए मण्डी भाव, फसल मौसम सलाह, बीमारी की पहचान और निदान, कृषि यंत्र किराये पर लेने की सुविधा, आसपास मौजूद गोदाम, प्रसंस्करण इकाई आदि की जानकारी के लिए भी मोबाइल एप बनाये जाएंगे।

## MyBookLo एप लॉन्च

उच्च शिक्षा राज्य मंत्री श्री भंवर सिंह भाटी ने कॉलेज विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री सुलभता से उपलब्ध करवाने के लिए 28 अगस्त 2021 को जयपुर में डिजिटल लाइब्रेरी MyBookLo एप का शुभारम्भ किया।

- कॉलेज शिक्षा आयुक्तालय नित नए नवाचार कर रहा है। उसी कड़ी में इस एप को लॉन्च किया गया है, जो उच्च शिक्षा के क्षेत्र में अगला बड़ा कदम साबित होगा।
- इस एप के माध्यम से छात्र-छात्राएं अपने पाठ्यक्रम की अध्ययन सामग्री प्राप्त करने के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे।
- इसके तहत विद्यार्थियों को अलग-अलग श्रेणियों की कोचिंग दी जाएगी।

- कॉलेज शिक्षा विभाग की ओर से किया गया यह नवाचार आने वाले समय में राजस्थान की उच्च शिक्षण व्यवस्था को नई दिशा देने में मददगार साबित होगा।